अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली . शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

PAGE NO : 04 MIDDLE

# नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ( सीईटी ) में गुरुवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल की टीम को पहला, एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी ने दूसरा और एसआरएमएस सीईटी की एमसीए टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्टी सचिव आदित्य मूर्ति, डॉ . एमएस बुटोला, डॉ . शैलेश सक्सेना, डॉ . अनुज कुमार, अमित कुमार शर्मा ने किया। आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मुथु महेश्वरी ने विजेता टीमों को ट्राफी के साथ सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए।